झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची
वार्षिक परीक्षा
मॉडल प्रश्न पत्र
सत्र : 2023-24

कक्षा- 11 Class-11	विषय - अर्थशास्त्र Sub. - Economics	समय- 1 घंटे Time – 1 Hours	पूर्णांक- 40 Full Marks- 40

सामान्य निर्देश :-

General Instructions: -

- कुल 40 प्रश्न हैं।

  Total number of questions is 40.
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।

  All questions are mandatory.
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।

  One mark is assigned to each question.
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिए।

  There are four options for each of the questions. Choose the correct option.
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे।

  There is no negative marking for wrong answer.

---

1. सांख्यिकी का कार्य निम्न में से कौन नहीं है-

   (a) आँकड़ों का संकलन (b) आँकड़ों का वर्गीकरण

   (c) आँकड़ों का विश्लेषण (d) आँकड़ों का पूर्वानुमान

   Which of the following is not the function of statistics?

   (a) Collection of Data (b) Classification of Data

   (c) Analysis of Data (d) Forecasting of Data

2. श्याम लकड़ी से फर्नीचर का निर्माण बिक्री के उद्देश्य से करता है, यहाँ श्याम है –

   (a) एक उत्पादक (b) एक विक्रेता

   (c) एक उपभोक्ता (d) एक वितरणकर्ता

   Shyam makes Furniture to sale, Shyam is here -

   (a) A producer (b) A Seller

   (c) A consumer (d) A distributor

3. आँकड़ा संग्रह करने वाला व्यक्ति कहलाता है –

   (a) गणनाकार (b) प्रदर्शक

(c) निर्माता (d) ऑपरेटर

A person who collects Data is known as -

(a) Enumerator (b) Demonstrator

(c) Producer (d) Operator

4. स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना किस वर्ष हुई थी?

In which year the first census was done in independent India?

(a) 1950 (b) 1951

(c) 1953 (d) 1881

5. समय के अनुसार समूहित किए जाने वाले आंकड़ों के वर्गीकरण को कहते हैं –

(a) स्थानिक वर्गीकरण (b) कालानुक्रमिक वर्गीकरण

(c) मात्रात्मक वर्गीकरण (d) गुणात्मक वर्गीकरण

Grouping of Data on the basis of time is known as –

(a) Spatial Classification (b) Chronological Classification

(c) Quantitative Classification (d) Qualitative Classification

6. किसी वर्ग का मध्य-बिंदु का मान ज्ञात किया जाता है –

(a) उच्च वर्ग सीमा तथा निम्न वर्ग सीमा के अनुपात द्वारा

(b) उच्च वर्ग सीमा तथा निम्न वर्ग सीमा के औसत द्वारा

(c) उच्च वर्ग सीमा तथा निम्न वर्ग सीमा के गुणनफल द्वारा

(d) उच्च वर्ग सीमा तथा निम्न वर्ग सीमा के योगफल द्वारा

Mid-point of any class can be calculated by-

(a) the ratio of higher limit and lower limit of class

(b) the average of higher limit and lower limit of class

(c) the multiplication of higher limit and lower limit of class

(d) the addition of higher limit and lower limit of class

7. परास से तात्पर्य है

(a) अधिकतम एवं न्यूनतम प्रेक्षणों का अनुपात

(b) अधिकतम एवं न्यूनतम प्रेक्षणों के बीच का अंतर

(c) न्यूनतम एवं अधिकतम प्रेक्षणों के बीच का अंतर

(d) अधिकतम एवं न्यूनतम प्रेक्षणों का औसत

What does Range mean? -

(a) Ratio of maximum and minimum observation

(b) Difference between maximum and minimum observation

(c) Difference between minimum and maximum observation

(d) Average of maximum and minimum observation

8. वृत आरेख है –

(a) एक विमीय आरेख (b) द्वि विमीय आरेख

(c) त्रि विमीय आरेख (d) अविमीय आरेख

Pie Diagram is -

(a) Uni-dimension diagram (b) Bi-dimensional diagram

(c) Tri-dimensional diagram (d) Non dimensional diagram

9. आयत चित्र के माध्यम से ज्ञात किया जा सकता है –

What can be found by Histogram?

(a) माध्य mean (b) मध्यिका median

(c) बहुलक mode (d) परास range

10. वृत आरेख में वृत को 100 बराबर भागों में बाँटा जाता है, जिसमें प्रत्येक भाग का अंश होता है–

Circle in a pie diagram is divided in 100 equal parts, the degree of each part is -

(a) 3.6° (b) 5°

(c) 1° (d) 36°

11. दिए गए आँकड़ा से बहुलक का मान ज्ञात कीजिए –

Calculate mode from the given data -

12, 15, 17, 19, 23, 26, 6, 8, 12, 26, 51, 53, 26, 52

(a) 10 (b) 15

(c) 26 (d) 52

12. चतुर्थक वह मान है जो दिए हुए आँकड़ा को बांटती है –

Quartile is a measure which divides the data

(a) दो बराबर भागों में Into two equal parts

(b) तीन बराबर भागों में Into three equal parts

(c) चार बराबर भागों में Into four equal part

(d) पाँच बराबर भागों में Into five equal parts

13. निम्नलिखित में से माध्यिका की एक विशेषता कौन सी है?

Which of the following is one of the characteristics of median?

(a) यह आँकड़ा को दो भागों में विभाजित करती है

It divides the data into two equal parts.

(b) यह आँकड़ा को चार भागों में विभाजित करती है

It divides the data into four equal parts.

(c) यह आँकड़ा के चरम मानों पर निर्भर करती है

It depends upon the extreme values of data.

(d) आँकड़ा में इसकी आवृत्ति सर्वाधिक होती है

It has highest frequency in the data.

14. निम्न दिए गए आँकड़ा से परास की गणना कीजिए –

Calculate range from the following given data

20, 30, 40, 50, 150

(a) 50 (b) 150

(c) 130 (d) 170

15. निम्न में से कौन वितरण की असमानता की माप करता है?

Which of the following measures inequality of distribution?

(a) बारंबारता वक्र Frequency Curve (b) ऑजाइव Ogive

(c) लॉरेंज वक्र Lorenz curve (d) सहसंबंध गुणांक coefficient of correlation

16. दिए गए आँकड़ा से मानक-विचलन की गणना कीजिए –

Calculate Standard Deviation from the following data

4, 5, 6, 7, 8

(a) 1 (b) 1.414

(c) 4.472 (d) 1.732

17. निम्न चित्र दो चरों के बीच किस प्रकार के सहसंबंध को दर्शाता है?

The following diagram shows which type of correlation between two variables?



(a) धनात्मक सहसंबंध (Positive correlation)

(b) पूर्णत: धनात्मक सहसंबंध (Perfectly positive correlation)

(c) ऋणात्मक सहसंबंध (negative correlation)

(d) कोई सहसंबंध नहीं (no correlation)

18. पियरसन सहसंबंध गुणांक का मान होता है –

The value of Pearson's coefficient correlation is

(a) 0 (b) +1

(c) -1 (d) +1 तथा -1 के बीच(Between +1 and -1

19. कीमत सूचकांक क्या मापता है?

What does Price Index measure?

(a) आधार वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष की कीमतों में औसत परिवर्तन

Average change in the price in current year in comparison to the base year

(b) वर्तमान वर्ष की तुलना में आधार वर्ष की कीमतों में औसत परिवर्तन

Average change in the price in base year in comparison to current year

(c) आधार वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष की मात्रा में औसत परिवर्तन

Average change in the quantity current year in comparison to base year

(d) वर्तमान वर्ष की तुलना में आधार वर्ष की उत्पादन में औसत परिवर्तन

Average change in the production of base year in comparison to current year

20. पाशे का मूल्य सूचकांक में भार के रूप में किस मान को लिया जाता है –

In the Price Index of Paasche's, which value is taken as weight-

(a) p_1 (b) P_0

(c) q_1 (d) q_0

21. भारत में लौह एवं इस्पात उद्योग का विकास प्रारंभ हुआ है-

When did Iron and Steel industry begin to develop in India?

(a) 18 वीं शताब्दी के प्रारंभ में (in the beginning of 18th Century)

(b) 19 वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में (in the first half of 19th century)

(c) 19 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में (in the latter half of 19th century)

(d) 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में (in the beginning of 20th century)

22. भारत में जनांकिकीय संक्रमण का प्रथम सोपान किस अवधि को माना जाता जाता है?

Which of the following period is known as the first stage of demographic transition in India?

(a) वर्ष 1921 के पूर्व (before 1921) (b) वर्ष 1921(Year 1921)

(c) वर्ष 1921 के बाद (after 1921) (d) वर्ष 1922(Year 1922)

23. भारतीय राष्ट्रीय नियोजन में प्रयुक्त शब्द पंचवर्षीय योजना किस देश से ली गई है?

The word "Five-year plan" in Indian National Planning is taken from which country?

(a) अमेरिका (America) (b) कनाडा (Canada)

(c) पूर्व सोवियत रूस (USSR) (d) फ्रांस France

24. प्रशुल्क लगाया जाता है-

Tariff is imposed-

(a) वस्तु के उत्पादन पर (on the production of goods)

(b) अन्तरराज्यीय व्यापार पर (Inter-state trade)

(c) निर्यातीत वस्तुओं पर (on exported goods)

(d) आयातित वस्तुओं पर on imported goods

25. भारत जैसे देशों में लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के क्या कारण हो सकते हैं? कूटों का प्रयोग करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए –

What should be the reason to promote small scale industries in India? Choose the correct option by using given codes

1. निम्न पूँजी की आवश्यकता

Requirement of less capital

2. अधिक रोजगरों का सृजन करने में सक्षम

Capable to generate more employment opportunities

3. बड़े उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम

Capable to compete with large scale industries

(a) केवल 1 (only 1) (b) केवल 2 (only 2)

(c) 1 तथा 2 (1 and 2) (d) 1, 2 तथा 3 (1,2 and 3)

26. विश्व व्यापार संगठन का गठन किस वर्ष किया गया है?

When was World Trade Organisation Established?

(a) 1945 (b) 1955

(c) 1965 (d) 1995

27. नई आर्थिक नीति-1991 के तीन उपवर्ग हैं-

The three sub classes of New Economic Policy-1991 are-

(a) उदारीकरण Liberalisation (b) निजीकरण privatisation

(c) वैश्वीकरण Globalisation (d) उक्त सभी all the above

28. वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्रक के लिए सुरक्षित उद्योगों की संख्या है?

Number of industries reserved for public sector at present are industries of Public Sector in present are

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) 6

29. भारत सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम को किस वर्ष लागू किया?

In which year Govt. of India implemented Right to education act?

(a) 2006 (b) 2009

(c) 2011 (d) 2014

30. विश्व ज्ञान अर्थव्यवस्था के श्रेष्ठ प्रयोग करने वाला देश माना जाता है?

Which country is said to be best user of world knowledge economy?

(a) आयरलैंड (Ireland) (b) नार्वे (Norway)

(c) न्यूजीलैंड (New Zealand) (d) जापान (Japan)

31. मानव पूँजी के संदर्भ में निम्न कथन और कारण पर विचार कीजिए।

Consider the following assertion and reason regarding human capital.

कथन(A) - मानव पूँजी अदृश्य होती है। Human capital is invisible.

कारण(R) – यह धारक के मस्तिष्क में रची-बसी होती है।

It is inculcated in the mind of bearer.

उक्त कथन और कारक के संबंध में कौन सा विकल्प सही है?

Which of the following options is correct regarding the above assertion and reason?

(a) केवल A सही है। only A is right

(b) केवल R सही है। only R is right

(c) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

A and R both are correct and R explains A correctly

(d) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की व्याख्या नहीं करता है।

A and R both are correct but R is not the correct explanation of A

32. ऑपरेशन फ़्लड का संबंध है-

Operation Flood is related to

(a) दूध के उत्पादन से the production of milk

(b) मछली के उत्पादन से the production of fish

(c) अनाज के उत्पादन से the production of grains

(d) फल के उत्पादन से the production of fruits

33. पर्यावरण-मित्र प्रौद्योगिकी का संबंध निम्न में से है?

Eco friendly technology is related to

(a) कृषि में जैविक खाद के प्रयोग से (use of bio-compost in farming)

(b) कृषि में रासायनिक खाद के प्रयोग से (use of chemical fertilizer in farming)

(c) कृषि में रासायनिक कीटनाशी के प्रयोग से (use of chemical pesticides in farming)

(d) कृषि में बिना खाद और कीटनाशी के प्रयोग से (farming without any fertilizer and pesticides)

34. भारत में अधिकांश श्रमिकों के रोजगार का श्रोत निम्न में से क्या है?

What is the main source of employment for the labourers of India?

(a) प्राथमिक क्षेत्र Primary sector (b) द्वितीयक क्षेत्र Secondary sector

(c) तृतीयक क्षेत्र Tertiary sector (d) b एवं c दोनों both b and c

35. निर्माण मजदूर निम्न में से क्या कहलाते हैं?

Construction workers are called-

(a) नियत मजदूरी वाले श्रमिक (workers of regular wages)

(b) दिहाड़ी मजदूरी वाले श्रमिक (daily wage workers)

(c) संगठित क्षेत्रक श्रमिक(workers of organised sector)

(d) स्व-नियोजित श्रमिक (self-employed workers)

36. नवीकरणीय संसाधन का एक उदाहरण है-

An example of renewable resources-

(a) वनों में पेड़ trees in forest (b) समुद्र में मछलियाँ fishes in sea

(c) a एवं b दोनों both a and b (d) जीवाश्म ईंधन fossil fuel

37. चिपको आंदोलन का उद्देश्य –

The objective of chipko movement is –

(a) हिमालय पर्वत में वनों का संरक्षण करना

To conserve forests in the Himalayas

(b) तटीय प्रदेशों में वनों का संरक्षण करना

To conserve forests in coastal areas

(c) मैदानी क्षेत्रों में वनों का संरक्षण करना To conserve forests in plains

(d) पठारी क्षेत्रों में वनों का संरक्षण करना To conserve forests in plateau areas

38. वैश्विक उष्णता का प्रमुख कारण है-

The main reason of global warming is –

(a) पृथ्वी के वातावरण में औसत तापमान में वृद्धि

Increase in average temperature on the Earth's atmosphere

(b) समुद्र के वातावरण में औसत तापमान में वृद्धि

Increase in average temperature in Ocean environment

(c) हिमानी का पिघलना Melting of glaciers

(d) ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि Increase in Green House gases

39. चीन के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारंभ किए गए 'कम्यून' का संबंध निम्न से है –

The 'Commune' started in the rural areas of China is related to -

(a) सामूहिक खेती से Collective farming

(b) वनों के सामूहिक संरक्षण करने से Collective conservation of forests

(c) सामूहिक व्यापार से Collective trade

(c) सामूहिक उद्यम से Collective entrepreneurship

40. मानव विकास संकेतकों के आधार पर निम्न में से कौन-सा देश प्रथम स्थान पर है?

On the basis of HDI which of the following country stands on the first place?

(a) भारत India (b) चीन China

(c) नेपाल Nepal (d) पाकिस्तान Pakistan

नवोन्मेष शोध नेतृत्व
JCERT

मॉडल प्रश्न का उत्तर कुंजी
क्लास-11
विषय-अर्थशास्त्र

प्रश्न	उत्तर	प्रश्न	उत्तर
1	d	21	d
2	a	22	a
3	a	23	c
4	b	24	d
5	b	25	c
6	b	26	d
7	b	27	d
8	a	28	a
9	c	29	b
10	a	30	a
11	c	31	c
12	c	32	a
13	a	33	a
14	c	34	a
15	c	35	b
16	b	36	c
17	b	37	a
18	d	38	d
19	a	39	a
20	c	40	b